CAREERINDIA



ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** ವಿಷಯ : **ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI**

( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / **New Syllabus** )

( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / **Regular Fresh** )

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) यह प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका है ।

ii) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ कुल 43 प्रश्न हैं ।

iii) इसके तीन खण्ड हैं — **क, ख** और **ग** । सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

iv) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से अक्षर के साथ लिखना है ।

v) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

vi) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

vii) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

viii) दिये गये विकल्प, अनुरूपता और जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट-छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

ix) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

x) दाहिनी तरफ हाशिया में जो जगह छोड़ा गया है उसमें कुछ मत लिखिए ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - क

## ( व्याकरण - विभाग )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्नों के नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

1) "व्यवस्था" शब्द का बहुवचन रूप है

(A) अव्यवस्था (B) व्यवस्थाये

(C) व्यवस्थाएँ (D) व्यथाएँ ।

2) "स्थिर" का विलोम शब्द है

(A) अहीर (B) अस्थिर

(C) अधीर (D) स्थिरता ।

3) 'हिम्मत' शब्द का समानार्थक शब्द है

(A) धैर्य (B) मेहनत

(C) सहमत (D) अधैर्य ।

4) कौन शब्द गुण संधि का उदाहरण है ?

(A) गायक (B) सहानुभूति

(C) अत्यंत (D) परोपकार ।

5) 'देश-विदेश' शब्द में समास है

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



6) इंटरनेट से क्या मतलब है ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

(A) पूर्णविराम (B) अल्पविराम

(C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक ।

7) ''पसीना बहाना'' मुहावरे का अर्थ है

(A) सेवा करना (B) त्याग करना

(C) परिश्रम करना (D) परोपकार करना ।

8) 'यामा' महादेवी वर्मा .................... रचना है । सही कारक चिह्न है

(A) का (B) की

(C) के (D) कि ।

**खण्ड - ख**

**( गद्य और पद्य विभाग )**

II. 9) **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| **स्तम्भ 'क'** | **स्तम्भ 'ख'** |
|---|---|
| अ) रवींद्रनाथ ठाकुर | i) बचपन का अधिकार |
| आ) खेल-कूद | ii) व्यंग्य रचना |
| इ) सूरदास | iii) इनफारमेशन टेक्नोलॉजी |
| ई) आई० टी० | iv) भीष्म साहनी |
| | v) कृष्ण भक्त कवि |
| | vi) गुरुदेव |
| | vii) राम भक्त कवि । |

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

10) वर्चुअल मीटिंग रूम : काल्पनिक सभागार : : इंटरनेट :

11) मज़दूरों के नेता : पं० राजकिशोर : : गरीब शरणार्थी लड़का :

12) रवींद्रनाथ ठाकुर : नोबल पुरस्कार : : डॉ० चंद्रशेखर कंबार :

13) प्रभो : ईश्वरीय भक्ति : : मातृभूमि :

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक एक-एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

14) ई-गवर्नेंस क्या है ?

15) भारत माता अपने मुक्त हाथों से क्या बाँट रही है ?

16) गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी ?

17) कर्नाटक की पश्चिम दिशा में कौन-सी पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं ?

18) ईमानदारों के सम्मेलन में लेखक को क्यों आमंत्रित किया गया ?

19) बलराम, कृष्ण को क्या कहकर चिढ़ाता था ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

20) साहित्य के संबंध में भीष्म साहनी की राय क्या है ?

21) कवि भगवतीचरण वर्मा ने मातृभूमि का स्वरूप किस तरह कविता में उभारा है ?

22) रवींद्रनाथ ठाकुर ने 'सर' की उपाधि क्यों त्याग दी ?

23) गिल्लू महादेवी वर्मा को कैसे चौंकाता था ?

24) बसंत राजकिशोर से पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?

25) 'ईमानदारों के सम्मेलन' पाठ में मुख्य अतिथि की बेईमानी कैसे व्यक्त हुई है ?

26) राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति डॉ० चंद्रशेखर कंबार जी के विचार क्या हैं ?

27) यशोदा क्यों खुश हो जाती थी ?

28) राम नाम की महिमा के बारे में तुलसीदास क्या कहते हैं ?

29) 'शनैःचर' का अर्थ क्या है ? शनि किसका पुत्र था ?

**अथवा**

सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधी का क्या कथन है ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



30) 'अनमोल समय' पाठ के आधार पर जीवन में समय का क्या महत्व है ?

**अथवा**

'अनमोल समय' पाठ के आधार पर जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक तत्व कौन से हैं ?

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

31) कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

32) तिम्मक्का एक आदर्श व्यक्तित्व है । कैसे ?

33) कवि दिनकर के अनुसार 'मानव का सही परिचय' क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

34) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तुलसी साथी विपति के विद्या विनय विवेक ।

साहस सुकृत सुसत्यव्रत राम भरोसे एक ॥

VII. 35) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 4

भिखारी और करोड़पति में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं और क्यों ?

**अथवा**

बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ? बताइए ।

36) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

विमल इंदु ................................................

...............................................................

...............................................................

.......................................... दिखा रही हैं ।

**अथवा**

मुखिया ................................................ एक ।

पालै ........................................ सहित विवेक ॥

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड – ग

## ( रचना – विभाग )

VIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए : 4 × 1 = 4

37) पुराण काल की बात है । एक जंगल में एक डाकू था । वह रोज़ यात्रियों को मारकर उनका धन लूट लेता था । वह बड़े क्रूर स्वभाव का था । एक दिन नारद मुनि भी उसकी पकड़ में आ गये । नारद मुनि ने मीठी-मीठी बातें करके उसका क्रोध शांत किया । इसके बाद उन्होंने उसको पाप और पुण्य कार्य के परिणामों के बारे में समझाया । डाकू का मन परिवर्तन हो गया । उसने बरसों, दृढ़ता से तपस्या की । इससे ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर खुश हुए । भगवान की कृपा से वह बड़ा ज्ञानी पुरुष और महर्षि बन गया । आगे चलकर उसने रामायण की रचना की । वह आदिकवि वाल्मिकी था । कहते हैं, यदि भगवान ने चाहा तो सबसे बड़ा पापी भी महापुरुष बन जाता है ।

(i) डाकू का स्वभाव कैसा था ?

(A) शांत (B) क्रूर

(C) गंभीर (D) कोमल ।

(ii) नारद मुनि ने डाकू का मन परिवर्तन किस प्रकार किया ?

(A) मीठी बातों से (B) जादू से

(C) उपाय से (D) दंड देकर ।

(iii) वाल्मिकी ने किस ग्रंथ की रचना की ?

(A) महाभारत (B) भगवद्गीता

(C) रामायण (D) गिरिजा कल्याण ।

(iv) नारद मुनि ने किन परिणामों के बारे में समझाया ?

(A) धर्म-कर्म (B) जात-पाँत

(C) भय-भक्ति (D) पाप-पुण्य ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड **या** अंग्रेजी में कीजिए : 4 × 1 = 4

38) कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरू है ।

39) तिम्मक्का वृक्षों को अपने बच्चों की तरह प्रेम करती है ।

40) गीतांजली का एक-एक गीत भावों से परिपूर्ण है ।

41) वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।

X. 42) अपनी अस्वस्थता का कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

अपनी पढ़ाई की प्रगति के बारे में अपनी माता के नाम पत्र लिखिए ।

XI. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में एक निबंध लिखिए : 4

43) अ) जनसंख्या की समस्या

* तात्पर्य
* कारण / परिणाम
* नियंत्रण / निवारण
* उपसंहार ।

आ) वन महोत्सव

* अर्थ / तात्पर्य
* महत्व
* पर्यावरण संरक्षण
* उपसंहार ।

इ) इंटरनेट – वरदान है या अभिशाप

* अर्थ
* लाभ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

www.careerindia.com